# डीप काम्प्लेक्स हैल्लौमाजरा में मेयर आप के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया



तेजयुग न्यूज़ /रतन सिंह

**पलवल।** चंडीगढ़ नगर निगम के वार्ड नं 20 डीप काम्प्लेक्स हेल्लौमाजरा में मेयर आप के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि डीप काम्प्लेक्स के लोगों को नगर निगम और प्रशासन द्वारा अनदेखा किया जाता रहा है। हमारे यहां साफ पानी की सुविधा नहीं है, हर दुसरे दिन गंदे पानी की सप्लाई होती है, ओर तो ओर पानी के बिल भी कमर्शियल रेट पर भेजा जाता है। सीवरेज हमेशा ब्लाक रहते हैं, बरसाती पानी की निकासी सही नहीं है, स्ट्रीट लाइट नहीं है, कई गलियों को अभी तक पक्की नहीं की है, सबसे बड़ी समस्या यह है कि हमारे रिहायशी एरिया को अभी तक रेगुलर नहीं किया गया।

स्थानीय निवासियों की समस्या सुनने के बाद मेयर कुलदीप कुमार ने डीप काम्प्लेक्स के लोगों आश्वासन दिया कि उनके अंतर्गत आने वाले विभागों का काम जल्द से जल्द करवायें जाएंगे। एवं प्रशासन के अंतर्गत आने वाले कार्यों को लेकर उनके अधिकारों से बात करके जल्द से जल्द उन्हें भी हल कराने के लिए कार्य किया जाएगा। इस मौके पर सीए प्रेम गर्ग ने कहा कि हमारा हर संभव प्रयास होगा कि शहर के जिन इलाकों में विकास कार्य नहीं हुए हैं वहां जल्द से जल्द विकास कार्यों की शुरुआत की जाएं एवं जिन इलाकों में विकास कार्य धीरे चल रहे हैं उनमें तेज़ी लाने का कार्य किया जाएगा।

> ⊙ स्थानीय निवासियों की समस्या सुनने के बाद मेयर कुलदीप कुमार ने डीप काम्प्लेक्स के लोगों आश्वासन दिया कि उनके अंतर्गत आने वाले विभागों का काम जल्द से जल्द करवायें जाएंग

मेयर आपके द्वार कार्यक्रम में राजेश कुमार कुमार ने कहा वार्ड नं 20 के अंतर्गत आने वाले सभी एरिया के साथ आज तक नगर निगम एवं प्रशासन ने भेदभाव किया गया है, हमारे एरिया में विकास के नाम पर सिर्फ झूठे वादे किए जाते हैं। एरिया के पार्षद कहानी तो जग जाहिर है ओर यहां तक कि हमारी सांसद भी हमें छित्तर मारने जैसी बातें करती हैं। अब डीप काम्प्लेक्स के लोगों को आपसे ही उम्मीद है।

इस मौके पर पार्षद प्रेम लता आप नेता ललित मोहन, बजरंग गर्ग अरविंद चौहान, एवं स्थानीय नेता बॉबी सिंह, चंद्रशेखर श्रीवास्तव, सरदार बक्शीश सिंह मान, रघुवीर सिंह, हरप्रीत सिंह मान, भूपिंदर कौर एवं कार्यकर्ता प्रमोद कुमार, रवि कांत, शिव शंकर झा, अवधेश कुमार, भारत चौधरी,राज कपूर एवं राहुल कुमार, सोनु राणा आदि मौजूद रहे।

# केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो गरीब महिलाओं को हर साल मिलेंगे एक लाख रुपए : दीपा दुबे

## कहा, नारी शक्ति का अपमान मोदी सरकार के राज में बहुत बार हुआ है

तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार पांडे

**चंडीगढ़:** चंडीगढ़ महिला कांग्रेस ने आज एक प्रेस वार्ता करी जिसमें चंडीगढ महिला कांग्रेस की अध्यक्षा दीपा दुबे ने कहा कि कांग्रेस की 'नारी न्याय' गारंटी स्कीम महिलाओं के आर्थिक, समाजिक विकास, समान एवं सुरक्षा की दिशा में अहम कदम है। इसके कारण महिलाएं सशक्त बनेंगी। उनको अधिकार मिलेंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा तो महिला विरोधी पार्टी है। नारी शक्ति का अपमान मोदी सरकार के राज में बहुत बार हुआ है चंडीगढ़ और देश में महिलाओं के साथ उत्पीड़न दमन विभिन्न रुप में शोषण हो रहा है। लेकिन डबल इंजन की सरकार के लिए यह विषय चिंता का नहीं है ।

दीपा दुबे ने दावा किया है कि अगर लोकसभा चुनाव में महिलाओं का अपेक्षित रूप से कांग्रेस पार्टी को उचित आशीर्वाद और बहुमत मिलती है तो केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही नारी न्याय की पांचों गारंटी को पूरा किया जाएगा और देश की आदि आबादी को पूरा हक दिलवाया जाएगा। जिसमें महालक्ष्मी गारंटी, आधी आबादी - पूरा हक, शक्ति का सम्मान, अधिकार मेट्रिक, और सावित्रीबाई फुले छात्रावास शामिल है। अंत में दुबे ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात की है कि महालक्ष्मी गरंटी के तहत गरीब परिवारो की हर एक महिला को सालाना एक लाख रुपए की मदद दी जाएगी यह पैसा सिद्ध महिलाओं के बैंक अकाउंट में आएगा।



**आदि आबादी** - पूरा हक गैरंटी के तहत केंद्र सरकार में सभी नई भर्तियों में आधा हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।

**शक्ति का सम्मान गैरंटी-** आशा, आंगनवाडी और मीड डे मील बनाने वाली महिलाओं के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दुगना किया जाएगा ।

**अधिकार मेट्रिक गरंटी** - सभी पंचायत में एक अधिकार मेट्रिक नियुक्त करेंगे जो महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देंगे और इन अधिकारों को लागू करें मदद करेंगी।

**सावित्री बाई फुले हॉस्टल** - केंद्र सरकार देश में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की संख्या दोगुनी करेगी, प्रदेश जिले में कब से कम एक होटल होगा।

चंडीगढ़ महिला कांग्रेस की अध्यक्षा दीपा दुबे ने कहा कि आज कांग्रेस के नेता राहुल गांधी देश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं जिसमें महिलाओं के लिए यह गरंटी नारी न्याय के तहत दी गई हैं । इस प्रेस वार्ता में डेज़ी वालिया, गीता देवी, मीनू भी मौजूद थे।

# हरियाणा में सीएए के लागू होने से बढ़ जाएगी बेरोजगारी : नवीन जून

**चंडीगढ़ :** आम आदमी पार्टी के यूथ विंग प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन जून ने सीएए के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने देश में सीएए लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया है। 10 साल देश पर राज करने के बाद चुनाव से बिल्कुल पहले इन लोगों को सीएए की बात करनी पड़ रही है। अगर 10 साल में कुछ अच्छा काम कर लेते तो शायद आज सीएए की जगह अपने कामों पर वोट मांग रहे होते। आज देश के सामने सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेरोजगारी की है। किसी के लिए भी घर चलाना मुश्किल हो रहा है। हरियाणा के युवा रोजगार के लिए दर-दर ठोकरें खा रहे हैं। उन पर डंडे लाठियां बरसाई जा रही हैं। ऐसे में सरकार बेरोजगारी और महंगाई का समाधान ढूंढने की बजाय सीएए पर बात कर रही है।

उन्होंने कहा कि सीएए लागू होने से हरियाणा में भी और बेरोजगारी बढ़ जाएगी जिससे और ज्यादा गरीबी बढ़ेगी। इसके अलावा कानून व्यवस्था बिगड़ जाएगी, लेकिन आम आदमी पार्टी हरियाणा में सीएए लागू नहीं होने देगी। हरियाणा में पाकिस्तानी लोगों को रोजगार और नागरिकता देने पर सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो जायेंगे। जगह-जगह हुड़दंग बाजी बढ़ जाएगी। जिससे आम आदमी का जीना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएए के लागू बड़ी संख्या में वहां से अल्पसंख्यकों को हमारे देश में लाया जाएगा। उनको रोजगार दिए जाएंगे। उनके लिए घर बनाने जाएंगे। उन्हें यहां बसाया जाएगा। बीजेपी की केंद्र सरकार से हमारे बच्चों को रोजगार नहीं दिए जा रहे हैं लेकिन पाकिस्तान से लोगों को लाकर उनके बच्चों को रोजगार देना चाहते हैं। जबकि प्रदेश में पहले ही बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। सीएए के लागू होने से लाखों लोग हरियाणा की सरकारी और पंचायती जमीन कर कब्जा कर लेंगे। जिससे गांवों और शहरों में अव्यवस्था बढ़ जाएगी।

# भारतीय एकता मंच ने मजदूरों को जूते और जुराबे बांटी

तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार पांडे

**चंडीगढ़:** भारतीय एकता मंच ने अपनी सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को सेक्टर 45 में गौशाला के पास लेबर चौक में मजदूरों को जूते और जुराबे वितरित की। भारतीय एकता मंच अपनी रजिस्ट्रेशन के बाद से काफी समाजिक कार्यों में जुटी हुई है और गरीब और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे बढ़ रही है, इसी के तहत भारतीय एकता मंच ने मजदूरों



को जूते और जुराबे बांटी। भारतीय एकता मंच के फाउंडर कम चेयरपर्सन नरेंद्र जैतक, फाउंडर कम जनरल सेक्रेटरी पुनीत महाजन ने कहा कि भारतीय मंच का गठन जब से हुआ है तभी से इस मंच से जुड़े हुए सदस्य सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं और गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते हैं, इसी के तहत भारतीय एकता मंच के सदस्यों ने फैसला लिया कि मजदूरों को जूते और जुराबे बांटे जाए। इस मौके पर नरिंदर जैतक संस्थापक चेयरपर्सन, पुनीत महाजन संस्थापक महासचिव, भाग सिंह चौहान संस्थापक मुख्य सलाहकार, नीलम कुमारी संयुक्त सचिव, सुभाष गुप्ता चेयरमैन, ममता बंसल उपाध्यक्ष, कविता ठाकुर, सपना, नीरज शर्मा मीडिया सलाहकार, एनके झिंगन सलाहकार और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सुभाष चंद अग्रवाल ने जीता सीनियर सिटीजंस एसो. का चुनाव

तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार पांडे

**चंडीगढ़:** चंडीगढ़ सीनियर सिटीजन्स एसोसिएशन की इलेक्शन श्री शाम लाल सिंगला जी, प्रेसिडिंग अफसर की देख रेख में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक हुई और शाम को ही 5.30 बजे रिजल्ट घोषित कर दिया गया। श्री सुभाष चंद अग्रवाल जी को 555 वोट पड़े, सतनाम सिंह रंधावा जी को 285 वोट, और केवल 2 वोट रद्द किये गए।

शीघ्र ही सुभाष चंद अग्रवाल जी अपनी सपोर्टिंग टीम बना कर काम शुरू कर देंगे। 2019 में आल इंडिया सीनियर सिटीजन्स कोन्फेडरशन ने चंडीगढ़ एसोसिएशन को पूरे भारत में



अव्वल घोषित किया। समाजसेवा के अतिरिक्त हम दस फिजियोथेरेपी सेंटर भी चला रहे हैं। कमलजीत पंछी के इलावा प्रोफेसर भटिया का श्री इन्दर पूरी जी के सर्वेक्षण सराहनीय रहा। सुभाष अग्रवाल भारत विकास केंद से कई वर्षों से सेवा युक्त हैं, उन्हें नयी ज़िम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं।

# फैडरेशन ऑफ यूटी इपलाईज एण्ड वर्करज द्वारा 18 मार्च को बहिष्कार रैली व मार्च की तैयारी हुई पूरी

## सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक शिवालिक होटल के साथ वाले मैदान में की जा रही

तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार पांडे

**चंडीगढ़:** फैड़रेशन ऑफ यूटी इम्पलाईज एण्ड वर्करज चण्डीगढ़ के आह्वान पर 18 मार्च 2024 को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक 2 घंटे कार्यालयों का बहिष्कार कर शिवालिक होटल सैक्टर 17 के साथ वाले ग्राउन्ड में की जा रही रैली व गर्वनर हाउस मार्च की तैयारी पूरी कर ली गई है।



इस सम्बन्ध में फैड़रेशन के साथ सम्बन्धित डेढ़ दर्जन से अधिक विभागीय यूनियनों ने अपने अपने कार्यालयों में गेट मीटिंग व रैलियां कर तैयारी पूरी कर ली है। यह धरना चण्डीगढ़ में 1962 से चल रही क्रैचों व उनमें काम कर रहे कर्मचारियों को आंगनवाडी में धकेल कर उनका वेतन आधा करने के प्रशासन के फैसले के खिलाफ व क्रैचों में काम कर रही बालसेविकाओं व सहायिकाओं का वेतन सुरक्षित करने व उन्हें उन्हें अन्य विभागों में समाहित करने, डेलीवेज कान्ट्रेक्ट व आउटसोर्स कम्रियों को पक्का करने व उनके लिए सुरक्षित नीति बनाने, बिजली, पानी, स्वास्थ्य व अन्य विभागों में संशोधित पोस्टों के आधार पर प्रमोशन की पोस्टें शीघ्र भरने व इस मामले में आना-कानी कर रहे व दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने, बिजली कर्मचारियों के विरूद्ध दर्ज केस रद्द करने, बिजली पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि विभागों का निजीकरण न करने तथा नगर निगम बागवानी विभाग के अधीन चल रहे पार्को व ग्रीन बैल्टों को एमओयू कर निजी मालिकों के हवाले न करने, 7वां वेतन आयोग लागू करते समय ग्रेड पे को ध्यान में रखते हुए वेतन विसंगति दूर करने, सैन्ट्रल गर्वनमेंट हैल्थ स्कीम समेत सभी भत्तों का भुगतान करने आदि माँगों को लागू कराने व माँगों पर अधिकारियों के नकारात्मक रवैये के विरोध में दिया जा रहा है।



अलग अलग विभागों में तैयारी मीटिंगों को सम्बोधित करते हुए फैड़रेशन के महासचिव गोपाल दत्त जोशी, प्रधान रघबीर चन्द, वरिष्ठ उप प्रधान राजेन्द्र कटोच, ध्यान सिंह, हरकेश चन्द, सुरिन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह, रेखा शर्मा, बिहारी लाल, अमरीक सिंह, नसीब सिंह, एम. राजेन्द्रन, प्रेमपाल, एम एम सुब्रहमण्यम आदि ने कर्मचारियों की मांगों विशेषकर क्रैच कम्रियों को जबरदस्ती आंगनवाडी में धकेल कर उनका वेतन आधे से भी कम कर मानदेय में परिवर्तित करने व क्रैचों में काम कर रही।

125 के करीब बालसेविकाओं व सहायिकाओं का सरेआम शोषण करने व सरकार के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ नारे की धज्जियाँ उड़ाकर मिनिमम वेतन भी लागू न करने का पाप करने के लिए समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों की तीखी निन्दा की तथा आरोप लगाया कि प्रशासन माँगों के साथ साथ उनके लगातार चल रहे भूख हड़ताल की भी अनदेखी कर रहा है। फैड़रेशन के पदाधिकारियों ने सभी विभागों के कर्मचारियों व सहयोगी संगठनों के पदाधिकारियों को 18 मार्च की रोष रैली व मार्च में भारी गिनती में शामिल होने की अपील की।

# मलोया के 300 परिवारों ने अपने घरों पर लगाई 'मोदी का परिवार' की नेम प्लेटें

## परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ और मोदी के समर्थन में आगे आई है जनता : संजीव राणा

तेजयुग न्यूज /रतन सिंह

**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के 'परिवारवाद' वाले तंज का जवाब मलोया वासियों ने अपने घरों पर अपने 'मोदी का परिवार' की नेम प्लेटें लगा कर दिया हैं। इस अभियान का नेतृत्व चंडीगढ़ के प्रदेश सचिव एवं भाजपा प्रवक्ता संजीव राणा ने किया। राणा ने कहा, 'मोदी के खिलाफ दिए गए व्यक्तिगत बयान से देशभर ही नहीं,दुनिया के कौने कौने में बसे लोग आहत हुए हैं।विशेषकर भारत के लोगों ने बयान का विरोध जताने अनूठा फैसला लिया है और एकजुटता दिखाने तथा प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करने के लिए घरों के बाहर मोदी परिवार की नेम प्लेटे लगा रहे है।

मलोया वासी भी इनमें पीछे नहीं है। अब तक यहां 300 से ज्यादा परिवार मोदी परिवार की 'नेम प्लेटें लगा चुके हैं और इस तरह की नेम प्लेट की भारी डिमांड है। उन्होंने ने भी इस तरह की 200 और नेम प्लेट का ऑर्डर दिया है।,ताकि लोग गर्व से अपने घरों के बाहर ये नेम प्लेट लगा सकें। राणा ने कहा कि अपनी घटिया मानसिकता के कारण विपक्ष ने लोकप्रिय प्रधानमंत्री और उनके परिवार के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है।' उन्हें पता होना चाहिए कि यह मोदी के कारण है कि कई परिवार आज खुशी से रह रहे हैं।




भाजपा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चंडीगढ़ के अन्य हिस्सों में भी अधिक लोग इससे प्रभावित होंगे और नेमप्लेट लगाएंगे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक टैगलाइन नहीं है, बल्कि मोदी के समर्थन का नायाब तरीका भी है। देश की जनता प्रधानमंत्री के विकास के माडल के साथ है और 'परिवारवाद' की राजनीति करने वालों के खिलाफ खड़ी हैं। मलोया में इस अभियान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राज कुमार राणा, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार गर्ग, उदय राज यादव, प्रदीप कुमार, राजिंदर कुमार, शोबित राणा, रोहित कौशल, करण राणा, महिपाल राणा, रूपिंदर और अन्य शामिल रहे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा के नेतृत्व में चंडीगढ़ भाजपा नेताओं ने पहले ही नरेंद्र मोदी के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी इस अभियान का समर्थन किया जा रहा है।

# नाराज़ कांग्रेसियों को साथ जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान छेड़ेगी राजीव मेमोरियल सोसायटी

**चंडीगढ़ :** ऑल इंडिया राजीव मेमोरियल सोसाइटी, चण्डीगढ़ की एक बैठक संस्था के अध्यक्ष राज नागपाल की अध्यक्षता में हुई जिसमें सोसाइटी का सदस्यता अभियान छेड़ने का फैसला किया गया। संस्था के महासचिव बलजीत सिंह ने बैठक में एजेंडा प्रस्तुत किया जिसके तहत नाराज हो रखे कांग्रेस नेताओं को सोसाइटी से जोड़ा जाएगा। बैठक में सभी सदस्यों ने आने वाले लोकसभा चुनावों में विभिन्न पार्टियों के उम्मीदवारों के गुण-दोषों के आधार पर उन्हें समर्थन देने के लिए राज नागपाल को अधिकृत किया गया। राज नागपाल ने बताया कि कांग्रेस में बहुत से ऐसे कर्मठ व काम करने वाले नेता हैं, जिन्हें पार्टी के वर्तमान नेतृत्व के रवैए के कारण उपेक्षा झेलनी पड़ रही है व वे घर बैठने पर मजबूर हैं। उनकी संस्था इन्हें अहम जिम्मेदारियां देकर इनकी क्षमताओं को सामने लाने का पूरा-पूरा मौका देगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संस्था के 893 सक्रिय सदस्य हैं व ताज़ा सदस्यता अभियान छेड़ कर एक महीने में सक्रिय सदस्यों की कुल संख्या 1100 किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

# एनसीएफएसई-2023-स्कूली शिक्षा में उत्कृष्टता की दिशा में एक आदर्श बदलाव

तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार पांडे

**चंडीगढ़:** स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा-2023÷ स्कूली शिक्षा में उत्कृष्टता की दिशा में एक आदर्श बदलाव÷ विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। 16 मार्च 2024 को कॉलेज ऑफ एजुकेशन।

सेमिनार के दूसरे दिन की शुरुआत तकनीकी सत्र के साथ हुई, जिसमें एनईपी-2020 के अनुरूप एनसीएफएसई-2023 में व्यावसायिक, मूल्य-संबंधित और व्यवहार (स्वभाव-संबंधित)-फोकस विषय पर चार पेपर प्रस्तुति, एनसीएफएसई के अनुसार स्कूली शिक्षा में कौशल विकास शामिल था। -2023, स्कूली शिक्षा के विभिन्न चरणों में शैक्षणिक चुनौतियाँ। सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर नैन सिंह, पूर्व प्रोफेसर और अध्यक्ष शिक्षा विभाग, एचपीयू, शिमला और सदस्य हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग, शिमला ने की। प्रोफेसर नैन सिंह 1988 बैच के कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। अपने संबोधन में उन्होंने ज्ञान के संरक्षक के रूप में शिक्षकों की चुनौतीपूर्ण भूमिका और उससे जुड़ी जिम्मेदारियों के बारे में चर्चा की।

दूसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर एन.आर. शर्मा, पूर्व डीन, शिक्षा संकाय, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ और प्रिंसिपल शहीद उधम सिंह पंजाब विश्वविद्यालय घटक कॉलेज (गुरु हर सहाय) ने की। उन्होंने शिक्षार्थी के समग्र विकास पर जोर दिया जो शिक्षा के प्रति अंतःविषय दृष्टिकोण के माध्यम से संभव है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डालते हुए सत्र का




समापन किया कि मूल्यांकन प्रक्रिया कई स्तरों पर होनी चाहिए और इसमें माता-पिता, समुदाय के सदस्यों और सिर्फ शिक्षकों को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। सत्र में स्कूली शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, संवर्धित वास्तविकता और आभासी वास्तविकता पर आठ पेपर प्रस्तुतियाँ थीं; एनसीएफएसई-2023 के अनुरूप शिक्षक शिक्षा; शिक्षा में माता-पिता, परिवार और समुदाय की सक्रिय भागीदारी को सक्षम करना।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के शिक्षा विभाग के प्रो. करतार सिंह, दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के दिन सह समापन सत्र के तीसरे तकनीकी सत्र के मुख्य अतिथि और अध्यक्ष थे और उन्होंने कहा कि एनसीएफएसई परिवर्तन में एक मील का पत्थर साबित होगा। स्कूली शिक्षा. उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों और अन्य हितधारकों के लिए उचित प्रशिक्षण मॉड्यूल को शामिल करके और हालिया और व्यापक पाठ्यक्रम ढांचे के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए शिक्षकों के शिक्षा कार्यक्रमों को संरेखित करके स्कूलों में एनसीएफएसई को एकीकृत करने के लिए व्यावहारिक रणनीतियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की।

देश के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र के प्रतिनिधियों और वक्ताओं ने सेमिनार में उत्साहपूर्वक भाग लिया और एनसीएफएसई-2023 की अवधारणा पर पेपर प्रस्तुत किए। सभी तकनीकी सत्रों के बाद संवादात्मक और प्रेरक चर्चाएँ हुईं। दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सपना नंदा के उद्बोधन के साथ हुआ। उन्होंने प्रभावी पेपर प्रस्तुति के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और इस सेमिनार को सफल बनाने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे मंच भावी शिक्षकों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में शोधकर्ताओं को समृद्ध शिक्षण अनुभव प्रदान करते हैं।

डॉ. रविंदर कुमार द्वारा मुख्य अतिथि, संसाधन व्यक्तियों और प्रतिनिधियों को उनकी गरिमामय उपस्थिति के लिए औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया। सेमिनार को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र÷ पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा प्रायोजित किया गया था। डॉ. अनुराग सांखैन और डॉ. श्योजी सिंह राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक थे।

# उपायुत एवं माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुय प्रशासक ने चैत्र नवरात्र मेले के आयोजन को लेकर बैठक की करी अध्यक्षता

तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार पांडे

**चंडीगढ़:**उपायुक्त एवं माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य प्रशासक श्री सुशील सारवान ने 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक आयोजित होने वाले चैत्र नवरात्र मेला के आयोजन को लेकर आज माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबन्ध पूरे करने के निर्देश दिये।

श्री सुशील सारवान ने कहा कि चैत्र नवरात्र मेला में प्रदेश के साथ-साथ देशभर से लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिये आते है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये सभी आवश्यक प्रबंध मेला से पूर्व किये जाये ताकि एक व्यवस्थित तरीके से श्रद्धालु माता के दर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि लोगों की माता मनसा देवी में आपार आस्था है और अनेक श्रद्धालु नगें पांव और दंडवत से माता के दर्शन करते है। उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम को सिंह द्वार से माता मनसा देवी मंदिर तक आवश्यकतानुसार सड़कों का पैचवर्क और मरम्मत का कार्य करने के निर्देश दिये ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने कहा कि श्राईन बोर्ड द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिलाओं और निशक्त जनों के लिये माता के दर्शन करने की उचित व्यवस्था की जाए। उपायुक्त ने बताया कि मेला की व्यवस्था बनाए रखने के लिए 13 स्थानों पर पुलिस नाका लगाया जाएगा।